# मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2023

## चर्चा में क्यों?

7 जून, 2023 को राजस्थान के कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्त्व मंत्री डॉ. बीडी कल्ला की अध्यक्षता में 'मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2023' के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें योजना से संबंधित जानकारी दी गई।

## प्रमुख बिंदु

- संस्कृति एवं पुरातत्त्व मंत्री ने कहा कि बजट घोषणा 2023-24 के क्रम में विभाग ने इस योजना का प्रारूप तैयार किया है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा अनुरूप 'मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2023' के अंतर्गत राजस्थान के स्थानीय या देशज कला के कलाकारों को 100 दिन का रोज़गार दिया जाएगा।
- स्थानीय कलाकारों को 100 दिन का रोज़गार सुनिश्चित कराने वाला राजस्थान संभवत: देश में पहला प्रदेश है। ये कलाकार गायन, वादन, नृत्य, अभिनय या नाटक करने वाले होंगे जो राज्य सरकार के कार्यक्रमों, उत्सवों में 100 दिन के कला प्रदर्शन की मांग कर सकेंगे।
- योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये राजस्थान संगीत नाटक अकादमी को नोडल एजेंसी बनाया गया है।
- राजस्थान नाटक संगीत अकादमी की अध्यक्षा बिनाका जेश मालू ने बताया कि अकादमी योजना के माध्यम से लोक कलाकारों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध है। योजना के गाँव-ढाणी से कस्बों तक सफल क्रियान्वयन के लिये पूरी तैयारी कर ली गई है।
- कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए. राठौड़ ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से योजना की अद्यतन प्रगति और प्रारूप में लोक कलाकारों द्वारा आवेदन पत्र, प्रक्रिया और भुगतान सहित महत्त्वपूर्ण जानकारी से मंत्री को अवगत कराया।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-folk-artist-promotion-scheme-2023